## इण्टरमीडिएट परीक्षा : 2023–24
## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
## कक्षा–12
## विषय–नागरिक शास्त्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

**नोट** : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

**निर्देश** :

1– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2– प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3– प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।
4– प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–1 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।
5– प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न–2 हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100–125 शब्दों में देना है।
6– प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।
7– सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

### खण्ड–'क'

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

1– निम्नलिखित में से कौन–सी संधि परमाणु निःशस्त्रीकरण से सम्बंधित है? 1

(क) स्टार्ट (ख) एनपीटी

(ग) साल्ट (घ) नाटो

2– वैश्वीकरण किस प्रकार की अवधारणा है? 1

(क) आर्थिक (ख) राजनीतिक

(ग) सांस्कृतिक (घ) बहुआयामी

3– निम्नलिखित में से कौन–सा कथन वायुमण्डल के सन्दर्भ में सही है? 1

(क) वायुमण्डल में ओजोन गैस की मात्रा बढ़ रही है।

(ख) वायुमण्डल में ओजोन गैस की मात्रा घट रही है।

(ग) वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस की मात्रा लगभग 58 प्रतिशत है।

(घ) उपरोक्त में से काई नहीं

4– शॉक थेरेपी का क्या अर्थ है? 1

(क) आघात पहुँचाकर उपचार करना (ख) उपचार करके आघात पहुँचाना

(ग) निजीकरण को बढ़ावा देना (घ) निजीकरण का विरोध करना

5– WSF का पूरा नाम है– 1

(क) 'वर्ल्ड सोशल फोरम' (World Social Forum)

(ख) 'वर्ल्ड सिक्योरिटी फोरम' (World Security Forum)

(ग) 'वर्ल्ड सांइटिस्ट फोरम' (World Scientist Forum)

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

6– राज्य पुनर्गठन अधिनियम कब पास हुआ ? 1

(क) 1956 में (ख) 1955 में

(ग) 1957 में (घ) 1958 में

7– खाद्य संकट से सर्वाधिक प्रभावित राज्य था– 1

(क) उत्तर प्रदेश (ख) पंजाब

(ग) प0 बंगाल (घ) बिहार

8– 'बॉम्बे प्लान' का क्या उद्देश्य था? 1

(क) भारत का राजनैतिक विकास करना (ख) भारत का सांस्कृतिक विकास करना

(ग) भारत का आर्थिक विकास करना (घ) भारत का सर्वांगीण विकास करना

9– 1975 ई0 में 'आपातकालीन घोषणा' के समय भारत का प्रधानमंत्री कौन था? 1

(क) जय प्रकाश नारायण (ख) इन्दिरा गांधी

(ग) लाल बहादुर शास्त्री (घ) मोरार जी देसाई

10–किस दशक को स्वायत्तता का दशक कहा जाता है? 1

(क) 1960 (ख) 1980

(ग) 1950 (घ) 1970

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11– 'सुरक्षा' से क्या तात्पर्य है? 2

12– किन्हीं दो अस्त्र नियंत्रण संधियों का नामोल्लेख कीजिए। 1+1

13– वैश्वीकरण से क्या अभिप्राय है? 2

14— 'पृथ्वी सम्मेलन' किस समस्या को लेकर आयोजित किया गया था? 2

15— 'साझी सम्पदा' का क्या अर्थ है? 2

16— केन्द्र में प्रथम बार गठबंधन सरकार कब बनी? 2

17— 'सिंडिकेट' से क्या अभिप्राय है? 2

18— देश के विभाजन से प्रभावित होने वाले दो राज्यों के नाम लिखिए। 1+1

19— अल्पमत सरकार किसे कहते हैं? 2

20— मध्यावधि चुनाव किसे कहते हैं? 2

## (लघु उत्तरीय प्रश्न—1)

21— संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण कब किया गया? इसकी किन्हीं दो विशिष्ट संस्थाओं के नाम लिखिए तथा उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1+2+2

22— भारत के नागरिक के रूप में भारत की राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता क्यों होनी चाहिए? इसके पक्ष में दो तर्क दीजिए। 2½+2½

23— आसियान का निर्माण क्यों किया गया? क्या यह अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल है? इसके पक्ष में अपने विचार स्पष्ट कीजिए। 1+2+2

24— स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एकदलीय प्रभुत्व प्रणाली का भारतीय राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा? स्पष्ट कीजिए। 5

25— 1975 ई0 में आपातकाल लागू होने से हमें क्या सीख मिलती है? स्पष्ट कीजिए। 5

26— असम आंदोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली—जुली अभिव्यक्ति था। तथ्य सहित उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 5

## (लघु उत्तरीय प्रश्न—2)

27— भारत और चीन की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में वर्तमान की एक—ध्रुवीय व्यवस्था को चुनौती देने की क्षमता है। वर्तमान परिस्थितियों की दृष्टि से क्या आप इससे सहमत है? अपने मत की पुष्टि में तर्क भी दीजिए। 3+3

28— वैश्विक पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे 1990 के दशक से विभिन्न देशों के लिए प्राथमिक सरोकार क्यों बन गये? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 1½+1½+1½+1½

29— नियोजन से क्या अभिप्राय है? नियोजित अर्थव्यवस्था की राह में प्रथम एवं द्वितीय पंचवर्षीय योजनाओं की भूमिका का उल्लेख कीजिए। 6

30— अयोध्या विवाद क्या था? इसका समाधान कैसे हुआ? 3+3

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31– 'दक्षेस' क्या है? इसका गठन कैसे हुआ? दक्षिण एशिया की प्रगति में 'दक्षेस' (सार्क) ज्यादा बड़ी भूमिका निभा सके इसके लिए आप क्या सुझाव देंगे? 2+2+4

**अथवा**

दो ध्रुवीय विश्व का क्या अर्थ है? इसके विघटन के चार कारणों का उल्लेख कीजिए। 2+1½+1½+1½+1½

32– निम्नलिखित देशों के साथ भारत के वैदेशिक सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।

i. भारत–पाकिस्तान
ii. भारत–चीन 4+4

**अथवा**

गुटनिरपेक्षता की नीति का क्या अर्थ है? वर्तमान परिस्थितियों में भी यह भारत के लिए प्रासंगिक है। इसके पक्ष में अपना मत स्पष्ट करिये। 2+3+3